3. कंजूस सेठ

सोचो-बोलो

© SCERT not to be republished

प्रश्न :

1. चित्र में क्या दिखायी दे रहा है?
2. आदमी ने सिर पर हाथ क्यों रखा होगा?

छात्रों के लिए सूचनाएँ :

1. पाठ पढ़ो। कठिन शब्द और वाक्य रेखांकित करो।
2. कठिन शब्दों और वाक्यों के बारे में मित्रों से चर्चा करो।
3. कठिन शब्दों के अर्थ शब्दकोश में ढूँढ़ो।

एक था सेठ। एक दिन उसे नारियल की ज़रूरत पड़ गयी। वह नारियल लेने बाज़ार पहुँचा। उसने दुकानदार से पूछा- ''एक नारियल कितने का ?''

दुकानदार बोला- ''एक रुपये का''

सेठ बोला- ''एक रुपये के दो, दे दो न''

दुकानदार बोला- ''आगे मिलेंगे।''



© NCERT not to be republished

सेठ आगे गया। वहाँ एक रुपये के दो नारियल मिल रहे थे।

सेठ बोला- ''एक रुपये के चार दे दो ना।''

दूसरा दुकानदार बोला- ''आगे मिलेंगे।''

सेठ आगे गया। वहाँ एक रुपये के चार नारियल मिल रहे थे।

सेठ बोला- ''एक रुपये के आठ दे दो ना।''

तीसरा दुकानदार बोला- ''आगे नारियल के पेड़ हैं। वहीं से तोड़ लो। कुछ भी नहीं देना पड़ेगा।''

सेठ पेड़ के पास पहुँचा। उसने पेड़ पर से पहले कभी नारियल नहीं तोड़े थे। सेठ पेड़ पर चढ़ गया। खूब सारे नारियल तोड़ लिये, पर जब उतरने के लिए सोचा तो डरने लगा। इतने ऊँचे पेड़ से कैसे उतरूँ। बस सेठ पेड़ पर लटके-लटके ही चिल्लाने लगा- ''मुझे बचाओ, मुझे बचाओ। बचाने वाले को दो हज़ार रुपये दूँगा...''



© SCERT not to be republished



सुनो-बोलो

1. सेठ को नारियल की ज़रूरत क्यों पड़ी होगी?
2. सेठ को नारियल कहाँ से लेना चाहिए था? क्यों?
3. पेड़ पर चढ़ते समय सेठ को क्या विचार आये होंगे?

पढ़ो

(अ) नीचे दिये गये लोगों ने क्या कहा? पाठ में रेखांकित करो।

- पहला दुकानदार
- दूसरा दुकानदार
- तीसरा दुकानदार

(आ) इन वाक्यों को क्रम से बताओ।

- उसने पेड़ पर से पहले कभी नारियल नहीं तोड़े थे।
- सारे नारियल तोड़ लिये।
- सेठ पेड़ पर चढ़ गया।
- सेठ पेड़ के पास पहुँचा।

(इ) इस पाठ में “ ” चिहृन वाले वाक्यों पर ध्यान दो।

© SCERT not to be republished

लिखो

(अ) सेठ नारियल लेने कहाँ पहुँचा?

....

(आ) किस दुकानदार के कहने पर सेठ पेड़ के पास पहुँचा?

....

(इ) ‘कंजूस सेठ’ कहानी से तुमने क्या सीखा?

....

शब्द भंडार

(अ) सेठ को बाज़ार में क्या-क्या दिखायी दिया होगा?

जैसे : दुकान ....

....

(आ) नीचे दिये गये अंक देखो।

11 -	ग्यारह	16 -	सोलह
12 -	बारह	17 -	सत्रह
13 -	तेरह	18 -	अठारह
14 -	चौदह	19 -	उन्नीस
15 -	पंद्रह	20 -	बीस

© SCERT not to be republished

भाषा की बात

'दुकानदार' शब्द 'दुकान' और 'दार' शब्दों से मिलकर बना है। इसी तरह और शब्द बनाओ।

जैसे : शानदार

माल....

किराये...

फल

सृजनात्मक अभिव्यक्ति

(अ) सेठ पेड़ से किस तरह उतरा होगा? सोचकर लिखो।

....

....

....

....

क्या मैं ये कर सकता हूँ?	हाँ (√)	नहीं (×)
1. पाठ के बारे में बातचीत कर सकता हूँ।		
2. पाठ का सारांश अपने शब्दों में बता सकता हूँ।		
3. पाठ का सारांश अपने शब्दों में लिख सकता हूँ।		
4. पाठ के शब्दों से वाक्य बना सकता हूँ।		

विद्‍यादान महादान है।

© SCERT not to be republished

पुस्तकें अमूल्य होती हैं।